GENS-11/32934/2026-ZP BALOD GEN SEC

I/390730/2026

कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)
विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)
(VB-G RAM G)

विज्ञापन

क्र./ 3033 /जि.पं./VB-G RAM G/स्था./2026–27 बालोद, दिनांक : 29/09/2026

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन संचालित विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला/जनपद स्तर पर अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार एक वर्ष की संविदा पर (निश्चित वेतन) नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं, विशेष योग्यता सहित वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक **16/10/2026 सायं 5.30 बजे तक** सम्पूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण–पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है :–

क्र	पद का नाम	रिक्त पद					संविदा वेतन (मासिक एक मुश्त)	शैक्षणिक अर्हता एवं मेरिट अंक		
		अनारक्षित	अजा	अजजा	अ.पि.व.	योग		शैक्षणिक अर्हता	विवरण	अंक
1	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	1 (मु.)	–	–	–	01	रू. 51780 /–	प्रथम श्रेणी–बी.ई. कम्प्यूटर साईंस/एम.सी.ए./एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस)/बी.ई. (आई.टी.)। डाटा नेट टेक्नालाजी/जावा/एम.एस.एस. क्यू.एल./ओरेकल के ज्ञान को प्राथमिकता	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए	70
									कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा पर	15
									डाटा नेट टेक्नालाजी/जावा/एम.एस.एस. क्यू.एल./ओरेकल के ज्ञान पर	5
									शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभवः–	
									न्यूनतम 2 वर्ष तक का अनुभव	5
									2 वर्ष से अधिक का अनुभव	10
2	कार्यक्रम अधिकारी	1 (मु.)	–	–	–	01	रू. 39875 /–	प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए./बी.ई./MRTM (Master of Rural Technology and Management) /गणित/भौतिक विषय में स्नातकोत्तर	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंको का Weightage देते हुये	70
									कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए।	15
									शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–	
									न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
									5 वर्ष तक का अनुभव	10
									5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15

3	सहायक प्रोग्रामर	1 (मु.)	–	–	–	01	रू. 35165 /–	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में एम. एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रोद्योगिकी)/एम.सी.ए. या समकक्ष उपाधि। अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साइंस/सूचना प्रोद्योगिकी में बी.ई./बी. टेक या समकक्ष उपाधि	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए	45
									कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य) 100 अंको का **Weightage** देते हुए	40
									शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव–	
									न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
									5 वर्ष तक का अनुभव	10
									5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15
4	लेखापाल	2 (1मु. 1म.)	–	1	1	04	रू. 23350 /–	55 प्रतिशत में बी.कॉम (अजा/ अजजा हेतु 50 प्रतिशत में बी.काम) (बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए द्वितीय श्रेणी में बी.कॉम उत्तीर्ण)	हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए।	20
									न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंको का Weightage देते हुए।	50
									कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर	15
									शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–	
									न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव	5
									5 वर्ष तक का अनुभव	10
									5 वर्ष से अधिक का अनुभव	15

(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

विज्ञापन में किसी भी प्रकार की लिपकीय त्रुटि अथवा संशोधन होने पर राज्य कार्यालय के पत्र क्रमांक/I/608889/2026 दिनांक 31.08.2026 अनुसार निर्देशों का पालन किया जायेगा। विज्ञापन, नियम व अन्य शर्ते कार्यालय के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाईट **www.balod.gov.in** पर अवलोकन किया जा सकता है।

Digitally signed by
SUNIL KUMAR CHANDRAWANSHI
Date: 28-09-2026 18:13:12

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बालोद

नियम व शर्तें :–

1. छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार निःशक्तजनों, महिला भू.पू.सै के लिए उक्त रिक्त पदों में समस्त आरक्षण दिया जायेगा।
2. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तों के अनुसार की जायेगी।
3. नियुक्ति की अवधि :– संविदा नियुक्ति सामान्यत एक वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त मानी जावेगी।
4. नियुक्ति के दौरान दोनो पक्षों में से किस एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
5. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
6. शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जावेगा।
7. **ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत किसी पद से पृथक किया गया अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नही की गयी है, वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।**
8. **आवश्यकतानुसार पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है।**
9. **निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।**
10. अभ्यर्थी की आयु 01.09.2026 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। अजा/अजजा/अपिव/भू.पू.सै के एवं महिला को तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।
11. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जाएगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु पुनः संविदा नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर कार्य का मूल्यांकन हो सके।
12. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
13. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
14. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
15. अजा/अजजा/अ.पि.वर्ग के जाति की पुष्टि में आवेदक को प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
16. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। (स्व–सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे)
17. **चयन प्रक्रिया –** विज्ञापित प्रत्येक पद के लिए आवेदक का चयन पद के समक्ष दर्शाए अनुसार निर्धारित अंक विवरण के आधार पर तैयार की गई मैरिट सूची के अनुसार आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए किया जावेगा। कम्प्यूटर की कौशल परीक्षा ली जावेगी।
18. आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो चिपकाना अनिवार्य है।

19. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन दिया जाना होगा।
20. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
21. आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।
22. **यदि प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अधिक होती है तो वरीयता क्रम के आधार पर कौशल परीक्षा के लिये बुलाये जाने वाले उम्मीद्वारों की संख्या को सीमित करने का अधिकार चयन समिति को होगा। 01 पद के लिये 10 आवेदकों की कौशल परीक्षा लिया जावेगा।**
23. लिफाफे के ऊपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है तथा जाति वर्ग, महिला/पुरूष/विकलांग/भू.पू.सै. का स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार लिफाफे के ऊपर प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखें, आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा 05–05 रूपये का डाक टिकट चिपका हुआ 02 लिफाफा भी संलग्न करें।
24. **आवेदक का आवेदन दिनांक 16/10/2026 सायः 5.00 बजे तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। दिनांक 16/10/2026 सायं 5.30 बजे के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगें और ऐसे आवेदन अमान्य समझे जायेगें। सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नही किए जावेंगे।**
25. नियुक्ति एवं प्राप्त आवेदनों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला बालोद (छ.ग.) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
26. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला पंचायत बालोद के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाईट www.balod.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

Digitally signed by
SUNIL KUMAR CHANDRAWANSHI
Date: 28-09-2026 18:13:59

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बालोद

आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम .....

स्व–प्रमाणित
वर्तमान फोटो

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
ज़िला पंचायत–....., छत्तीसगढ़.

(1) आवेदक का नाम (हिन्दी में) : .....

(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) : .....

(2) पिता/पति का नाम (हिन्दी में) : .....

(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) : .....

(3) लिंग : .....

(4) जन्म तिथि (अंको में) : .....

(शब्दों में) : .....

(5) दिनांक 01.09.2026 को आयु : वर्ष.....माह.....दिन.....

(6) पत्र व्यवहार का पता : .....

.....

.....पिन. कोड.....

(7) स्थायी पता : .....

.....

.....पिन. कोड.....

(8) क्या आप छ.ग. के मूल निवासी है (हां/नहीं) : .....

(सक्षम प्रधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न)

(9) वर्ग (अजा/अजजा/अन्य पिछड़ा) : .....
(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

(10) क्या आप निःशक्त है ? : .....

(11) यदि हां तो निःशक्तता का प्रतिशत : .....

एवं निःशक्तता का प्रकार : .....

(12) (अस्थि/श्रवण/दृष्टि) (मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र) : .....

(13) शैक्षणिक योग्यता :–

निम्नांकित स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें :–

क्र.	परीक्षा का नाम	परीक्षा में सम्मिलित विषय / विषय का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	हाई स्कूल						
2	हायर सेकेण्डरी						
3	स्नातक						
4	स्नातकोत्तर						
5	कम्प्यूटर संबंधी प्रमाण पत्र						
6	अन्य योग्यता						

(14) शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव (प्रमाण पत्र) संलग्न करें।

पद का नाम	कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यरत अवधि	वेतनमान एवं संविदा वेतन	नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं दिनांक
		दिनांक ..... से दिनांक ..... तक कुल वर्ष ..... माह		

(15) क्या आवेदक को पूर्व में अनियमितता के आधार पर पद से पृथक किया गया है अथवा उनकी सविदा सेवा वृद्धि नही की गयी है, यदि हाँ तो जानकारी देवें :.....

.....

(16) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) : .....

- पति/पत्नि का नाम : .....
- पति/पत्नि की जन्म तिथि : .....
- विवाह की तिथि : .....
- बच्चों की संख्या : .....

1. नाम ..... जन्म तिथि .....
2. नाम ..... जन्म तिथि .....
3. नाम ..... जन्म तिथि .....

(17) सहपत्र :– स्व–प्रमाणित पत्रों की सूची विवरण सहित (निम्नांकित क्रम में संलग्न किये जाये)

(1) हाई स्कूल	(2) हायर सेकेण्डरी
(3) स्नातक	(4) स्नातकोत्तर
(5) कम्प्युटर संबंधी प्रमाण पत्र	(6) अनुभव प्रमाण पत्र
(7) निशक्तता प्रमाण पत्र	(8) स्थायी जाति प्रमाण पत्र
(9) जाति सत्यापन प्रमाण पत्र/शपथ पत्र	(10) मूल निवास प्रमाण पत्र
(11) अन्य योग्यता का प्रमाण पत्र	

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन (बायोडाटा) में दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता हूं कि किसी भी प्रकार की गलती या गलत जानकारी के कारण मुझे चयन से वंचित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मुझे ..... के पद पर नियुक्ति की पात्रता है। जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने के सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

स्थान :.....

दिनांक:.....

आवेदक का हस्तारक्षर

पूरा नामः .....